जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

26 जनवरी 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया ने मनाया विश्व प्रोस्थोडॉन्टिस्ट दिवस

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के दंत चिकित्सा संकाय ने 25 जनवरी 2024 को विश्व प्रोस्थोडॉन्टिस्ट दिवस मनाया। यह प्रोस्थोडॉन्टिक्स के क्षेत्र में हाल के विकास पर जागरूकता फैलाने और प्रोस्थोडॉन्टिक्स बिरादरी के योगदान का जश्न मनाने के लिए दुनिया भर में मनाया जाता है। जामिया के कार्यवाहक वाइस चांसलर प्रोफेसर इकबाल हुसैन ने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। उनकी गरिमामय उपस्थिति में विश्व प्रोस्थोडॉन्टिस्ट दिवस के उपलक्ष्य में एक वृक्षारोपण भी किया गया।

छात्रों में इस विशिष्टता की भावना पैदा करने के लिए, सप्ताह के दौरान डेंटल मटेरियल आर्ट, एजुकेशनल प्रोस्थो मूवी रील्स और स्टेज प्ले जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी वास्तविक कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन किया।

दंत चिकित्सा संकाय के डीन प्रो. केया सरकार ने संकाय सदस्यों और छात्रों को संबोधित किया और कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग को बधाई दी। दो बहुत प्रतिष्ठित वक्ता, प्रो. मनु राठी, (प्रो. और प्रमुख, प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग, पीजीआईडीएस, रोहतक) और प्रोफेसर उशविंदर कौर पोपली (प्रो. और पूर्व प्रमुख, समाज कार्य विभाग, जेएमआई) ने "स्पेशल ओरल हेल्थ केयर ऑफ़ जेनरिक पोपुलेशन" और “एल्डर्ली इन कंटेम्पररी सोसाइटी” पर क्रमशः वक्तव्य दिए|

जामिया के दंत चिकित्सा संकाय के दो पूर्व छात्र, जिन्होंने प्रोस्थोडॉन्टिक्स में एमडीएस किया है और अब प्रतिष्ठित संस्थानों में काम कर रहे हैं, डॉ नैला पेरवीन (बीडीएस-बैच 2011) और डॉ सेहरिश खान (बीडीएस बैच 2014) भी इस कार्यक्रम का हिस्सा थे और सभा के साथ अपनी सफलता की कहानियाँ साझा कीं। अंत में आयोजित विभिन्न प्रतियोगी गतिविधियों के सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समन्वय प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग की प्रोफेसर इरम परवेज़ और प्रोफेसर शबीना सचदेवा द्वारा किया गया।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया